सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम / कोल इंडिया लि. की एक अनुषंगी कंपनी)
पंजीकृत कार्यालय : दरभंगा हाउस, राँची 834 001 (झारखण्ड)
CIN : U10200JH1956GOI000581
राजभाषा विभाग, द्वितीय तल, स्वर्णरेखा भवन
फोन : 0651-2365376
वेबसाइट : www.centralcoalfields.in

Fuelling Sustainable Growth
CENTRAL COALFIELDS LTD.

ITUWTSA
NEW DELHI 2024

संदर्भ : सीसीएल/रा.भा./01/2024/316 दिनांक: 15 .10.2024

## सूचना/Notice

**सीसीएल राजभाषा अंतर क्षेत्र प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता – 2024** के लिए पंजीकृत सभी प्रतिभागियों को सूचित किया जाता है कि मुख्यालय तथा क्षेत्र की टीमों के चयन हेतु प्रथम चरण की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन किया जाएगा।

All registered participants for the **CCL Rajbhasha Inter-Area Quiz Competition – 2024** are hereby informed that the first round of the quiz competition to select the teams of the Headquarters and the Areas will be conducted online.

| | |
|---|---|
| **तिथि/Date** | : 24 अक्टूबर, 2024 (गुरुवार)/ 24th October, 2024 (Thursday) |
| **समय/Time** | : अपराहन् 12:00 बजे से/ 12:00 PM onwards |
| **प्रतियोगिता का लिंक** | : पंजीकृत ईमेल आईडी पर उपलब्ध कराया जाएगा। |
| **Link to the Quiz** | : will be sent to the registered email ID. |

टीम चयन के उपरांत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के द्वितीय चरण की तिथि घोषित की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए अनुबंध 'क' में दिये गए सामान्य नियमों को ध्यान से पढ़ें। प्रतियोगिता संबन्धित सभी सूचनाएँ सीसीएल की वेबसाइट पर अपलोड की जाएंगी।

The date for the second phase of the Quiz competition will be announced after the selection of teams. For more information, carefully read the general rules given in Annexure 'A'. Information regarding the competition will be uploaded on the website of CCL.

15/10

(संजय कुमार ठाकुर/Sanjay Kumar Thakur)
महाप्रबंधक(राजभाषा)/GM(RB)

**अनुबंध – 'क'**

## अंतरक्षेत्र प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के सामान्य नियम:

**1. प्रथम चरण : ऑनलाइन (50 प्रश्न, 25 मिनट)**

- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए पंजीकृत सभी प्रतिभागी इस चरण में भाग ले सकेंगे।
- टीमों का चयन ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से किया जाएगा। प्रत्येक टीम में 2 सदस्य होंगे।
- प्रत्येक क्षेत्र से सबसे ज़्यादा अंक पाने वाले दो लोगों को एक टीम में चुना जाएगा। साथ ही, मुख्यालय से शीर्ष दस लोगों को चुना जाएगा।
- सभी केंद्रीकृत इकाइयों को मिलाकर दो टीम बनायी जाएगी। केंद्रीकृत इकाइयों से प्रथम दो सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का चयन टीम में किया जाएगा।
- दूसरे चरण की प्रतियोगिता की तिथि टीम के चयन के बाद की जाएगी।
- **टीमों की संख्या निम्नानुसार होगी:**
    - मुख्यालय - 5 टीम (दरभंगा हाउस, स्वणरिखा, कावेरी, दामोदर, अलकनंदा)
    - क्षेत्र – 1 (प्रत्येक क्षेत्र की एक टीम)
    - केंद्रीकृत इकाई – 2 टीम (सभी केंद्रीकृत इकाइयों को सम्मिलित करते हुए)
- यदि किन्हीं दो प्रतिभागियों को समान अंक प्राप्त होता है तो वरीयता क्रम में वरिष्ठ प्रतिभागी का चयन किया जाएगा।

**2. दूसरा चरण :**

- चयनित टीमों के मध्य मुख्यालय स्थित मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।
- इस चरण की प्रतियोगिता 4 राउंड में संपन्न की जाएगी। आवश्यकता अनुसार राउंड की संख्या बढ़ाई/घटायी जा सकती है। प्रत्येक चरण में 50% टीमें अगले राउंड में जाएंगी। अगले चरण में जानेवाली टीम के अंक आगामी राउंड में जोड़े जाएंगे।
- अंतिम दो राउंड में 5 टीमों के बीच निर्णायक मुकाबला होगा।
- किसी भी संशय/विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर निर्णायक का का फैसला अंतिम होगा। आयोजन, नियम सर्वादि में परिवर्तन का सर्वाधिकार महाप्रबंधक(राजभाषा) के पास सुरक्षित रहेगा।

| | |
|---|---|
| **राउंड 1:**<br><br>**लिखित प्रश्न**<br>**समय : 10 मिनट** | **मेरी भाषा, मेरा अभिमान:**<br>I. इस राउंड में राजभाषा हिंदी से संबन्धित 20 प्रश्न होंगे।<br>II. प्रत्येक प्रश्न का मान 5 अंक होगा।<br>III. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 5 अंक दिये जाएंगे तथा गलत उत्तर के लिए 2.5 अंक काटे जाएंगे। |
| **राउंड 2 :** | **किसमें कितना है दम ! प्रत्येक टीम - 5 प्रश्नों का कोटा।**<br>I. इस राउंड में प्रत्येक टीम से एक-एक करके 5 सवाल पूछे जाएंगे। |

| | |
|---|---|
| **बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न** | II. इस राउंड के प्रथम एवं अंतिम प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य होगा।<br>III. एक टीम को निर्धारित प्रश्न का उत्तर देने के लिए 15 सेकंड मिलेंगे तथा इसका सही उत्तर देने पर 20 अंक दिये जाएंगे। गलत उत्तर देने पर 10 अंक काटे जाएंगे। जवाब देने से पहले टीम के सदस्य आपस में चर्चा कर सकते हैं।<br>IV. यदि कोई टीम किसी प्रश्न का उत्तर नहीं दे पाती है, तो वह इसे पास कर सकती है। 15 सेकंड के बाद प्रश्न स्वतः पास हो जाएगा।<br>V. पास हुए प्रश्न का उत्तर 15 सेकंड के भीतर कोई भी टीम दे सकती है।<br>VI. पिछली टीम से पास हुए प्रश्न का सही उत्तर देने वाली टीम को 10 अंक दिये जाएंगे तथा गलत उत्तर देने पर 5 अंक काटे जाएंगे।<br>VII. क्रमवार अगली टीमों से उनके लिए निर्धारित प्रश्न पूछा जाएगा, जिसके लिए क्रम संख्या (iii) पर दिए गए नियम लागू होंगे। |
| **राउंड 3:** | **रैपिड फायर राउंड – दे दनादन !! प्रत्येक टीम को 10 प्रश्नों का कोटा।**<br>I. इस राउंड में हर टीम से लगातार 10 सवाल पूछे जाएंगे। प्रश्नों का विकल्प नहीं दिया जाएगा। एक प्रश्न के तत्काल पूरा होने पर, प्रत्येक टीम को इसका उत्तर देने के लिए 5 सेकंड मिलेंगे।<br>I. सही उत्तर के लिए 10 अंक दिए जाएंगे। गलत उत्तर के लिए किसी प्रकार की कटौती नहीं की जाएगी। प्रश्न दूसरी टीम को पास नहीं किया जा सकेगा। |
| **राउंड 4** | **पाँच का दम !!**<br>I. इस राउंड में अंतिम 5 टीमों से 3 प्रश्न पूछे जाएंगे।<br>II. सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य होगा। सही उत्तर के लिए 25 अंक दिये जाएंगे तथा गलत उत्तर के लिए 20 अंक काटे जाएंगे। सवाल का जवाब 20 सेकंड में देना अनिवार्य होगा। |
| | **टाई के मामले में।**<br>(i) अगर किसी राउंड के बाद एक से अधिक टीमें बराबर अंक पर हैं, तो एक अतिरिक्त टाई-ब्रेकर राउंड होगा।<br>(ii) टाई-ब्रेकर राउंड में सभी बराबर टीमों को समान संख्या में प्रश्न पूछे जाएंगे।<br>(iii) सही उत्तर देने वाली टीम जीत जाएगी। अगर सभी टीमें सभी प्रश्नों का गलत उत्तर देती हैं, तो संयुक्त विजेता घोषित किया जाएगा। |

**पाठ्यक्रम:** सामान्य हिंदी, सामान्य अँग्रेजी, सामान्य ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, इतिहास, भूगोल, साहित्य, कला, संस्कृति, खेल, और करंट अफेयर्स, कोल इंडिया, सीसीएल, कोयला प्रक्षेत्र से प्रश्न पूछे जाएंगे।